दिन—रविवार दिनांक— 08 / 03 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः— अपराह्न 02:00 बजे से। अवधिः— 05 मिनट

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के पुत्र निशांत कुमार ने आज आधिकारिक तौर पर जदयू की सदस्यता ग्रहण कर ली है। जदयू के कार्यकारी अध्यक्ष संजय कुमार झा ने निशांत कुमार को पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराई। श्री झा ने कहा कि आज का दिन ऐतिहासिक है। उन्होंने निशांत कुमार को बधाई देते हुए कहा कि वे जदयू को बिहार में आगे बढ़ाने में मदद करेंगे। वहीं, निशांत कुमार ने पार्टी की ओर से उन पर विश्वास जताने के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने संगठन को मजबूत बनाने और लोगों तक जदयू की नीति को पहुंचाने का संकल्प लिया। श्री कुमार ने कहा कि वे अपने पिता के मार्गदर्शन में बिहार को विकसित बनाने का काम करेंगे। इस अवसर पर पार्टी के वरिष्ठ नेता और केन्द्रीय मंत्री ललन सिंह, ऊर्जा मंत्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव, पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा और संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी समेत अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे। कांग्रेस ने निशांत कुमार के जदयू में शामिल होने पर शुभकामना दी है। वहीं, राजद के प्रवक्ता मृत्युंजय तिवारी ने कहा कि यह जदयू का आंतरिक मामला है। श्री तिवारी ने आरोप लगाया कि एनडीए सरकार को जनता से कोई मतलब नहीं है।

———————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज पटना में पांच सौ बयालीस करोड़ रूपये की लागत से बनने वाले बिहार संग्रहालय और पटना संग्रहालय को जोड़ने वाली सुरंग के काम का आरंभ किया। लगभग डेढ़ किलोमीटर लंबी इस आधुनिक भूमिगत सुरंग में गोल्फ कार्ट सेवा और लिफ्ट की सुविधा भी होगी। इस मौके पर उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा समेत कई गणमान्य लोग उपस्थि थे।

———————————————————————

आज अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस है। इस वर्ष का विषय है— महिलाओं और बालिकाओं के लिए अधिकार, न्याय और कार्रवाई। यह महिला अधिकारों को मजबूत

करने, न्याय तक पहुंच सुनिश्चित करने और स्त्री–पुरुष समानता में तेजी लाने की भावना को दर्शाता है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर शुभकामनाएं देते हुए कहा कि महिलाएं समाज और राष्ट्र की नींव हैं और शिक्षित, आत्मनिर्भर तथा सशक्त महिलाएं समृद्ध और प्रगतिशील राष्ट्र के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दे सकती हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि महिलाएं प्रत्येक क्षेत्र में दृढ़ संकल्प, रचनात्मकता और अद्वितीय उत्साह के साथ देश की प्रगति को आकर दे रही हैं। इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा है कि भारतीय संस्कृति और परंपरा में महिलाओं को हमेशा उचित सम्मान मिला है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपनी शुभकामनाएं देते हुए कहा कि महिलाओं के सशक्तिकरण और उनकी सुरक्षा, शिक्षा एवं सामाजिक तथा आर्थिक विकास के लिए राज्य सरकार लगातार प्रयत्नशील है।

————————————————————————

अन्तरराष्ट्रीय महिला दिवस पर प्रदेश में कई कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। इस अवसर पर पटना के ज्ञान भवन में आयोजित कार्यक्रम में समाज कल्याण मंत्री मदन सहनी ने महिलाओं को समर्पित पिंक बसों को हरी झंडी दिखाई। श्री सहनी ने क्षेत्रीय स्तर की महिलाओं की प्रेरणादायक कहानियों के लिए ऑनलाईन पोर्टल का शुभारंभ करने के साथ बाल विवाह उन्नूलन के लिए ड्राफ्ट गाईडलाईन का भी विमोचन किया।

————————————————————————

पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में ग्यारह मार्च तक बारिश हो सकती है। मौसम विभाग ने कहा है कि इस दौरान मेघ गर्जन और वज्रपात के साथ तीस से चालीस किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चलने की भी सम्भावना है।

————————————————————————

आईसीसी पुरुष टी–20 क्रिकेट विश्व कप के खिताबी मुकाबले में आज भारत और न्यूजीलैंड आमने सामने होंगे। यह मैच अहमदाबाद के नरेन्द्र मोदी स्टेडियम में शाम सात बजे से खेला जाएगा। भारतीय टीम चौथी बार जबकि न्यूजीलैंड दूसरी बार प्रतियोगिता के फाइनल में पहुंची है।

———————————————————————

रैपर बालेंद्र शाह की राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी–आरएसपी ने नेपाल के संसदीय चुनाव में प्रचंड जीत हासिल कर अगली सरकार बनाने की तैयारी कर ली है। पैंतीस वर्षीय बालेंद्र शाह ने चार बार के प्रधानमंत्री के. पी. शर्मा ओली को लगभग 50 हजार वोट के अंतर से पराजीत किया। बालेन हिमालयी देश के पहले मधेसी प्रधानमंत्री होंगे और साथ ही देश के संसदीय इतिहास में शीर्ष पद पर आसीन होने वाले सबसे कम उम्र के व्यक्ति हैं। राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी ने 106 निर्वाचन क्षेत्रों में जीत हासिल की है और 18 निर्वाचन क्षेत्रों में आगे चल रही है।

———————————————————————

समाप्त